न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर नीमराना

पीठासीन अधिकारी :– पंकज बडगूजर (आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सख्या	रजू दिनांक	निर्णय दिनांक
36 / 2022	20.09.2022	09.12.2023

उनवान

1. हरिराम पुत्र नत्थू जाति खाती निवासी ग्राम भीमसिंहपुरा तह0 नीमराना।

:–प्रार्थी।

बनाम

1. लैण्ड होल्डर जरिये तहसीलदार,नीमराना।

:– अप्रार्थी।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 एल0आर0एक्ट0

उपस्थितीः–

1. श्री प्राणसुख सैनी एड0 प्रार्थी की ओर से।

–::निर्णयः:–

पत्रावली आज लोक अदालत मे पेश हुई। प्रा0पत्र के सूक्ष्म वृतांत निम्न प्रकार से है–

1. प्रार्थी ने प्रा0पत्र पेशकर निवेदन किया कि आराजी ख.नं.हाल 20/0.13 वाके ग्राम भीमसिंहपुरा तह0 नीमराना प्रार्थी की खातेदारी की आराजी है। जिस की पैमाईश हेतु प्रार्थी ने प्रा0पत्र तहसीलदार साहब के समक्ष पेश किया था। जिस प्रार्थना पत्र पर पटवारी हल्का द्वारा मौके पर दिनांक 14.11.2005 को पैमाईश की जाकर सीमाज्ञान कराया जाकर निशानात लगाये गये थे तथा मौके पर मौका पर्चा तैयार किया गया था। जिसकी नकल प्रा0पत्र के संलग्न है।
2. प्रार्थी ने उक्त पैमाईश रिपोर्ट के आधार पर पत्थरगढी कराये जाने हेतु तहसीलदार साहब से निवेदन किया तो उन्होंने न्यायालय श्रीमान से आदेश कराये जाने हेतु कहा गया इसलिए प्रार्थी द्वारा यह प्रा0पत्र श्रीमान के समक्ष प्रा0पत्र पेश किया जा रहा है।
3. अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर पैमाईश रिपोर्ट दिनांक 14.11.2005 के अनुसार मौके पर पत्थरगढी कराये जाने के आदेश दिये जावे। यदि किसी व्यक्ति द्वारा कोई व्यवधान डाला जावे तो पुलिस इमदाद के साथ पत्थरगढी कराये जाने के आदेश फरमाये जावे।
4. प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया अप्रार्थी वावजूद सूचना के उपस्थित नही हुये उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की गई।
5. आज लोक अदालत मे वकील प्रार्थी को सुना गया पत्रावली के संलग्न पैमाईश रिपोर्ट दिनांक 14.11.2005 के अनुसार मौके पर पत्थरगढी कराया जाना उचित प्रतित होता है।
6. अतः आदेश है कि:–

प्रार्थी का प्रा0पत्र स्वीकार किया जाकर आराजी ख.नं. 20/0.13 वाके ग्राम भीमसिंहपुरा तह. नीमराना की पत्थरगढी सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 14.11.2005 के अनुसार कराये जाने के आदेश तहसीलदार,नीमराना को दिये जाते है। आदेश की प्रति मय नकल सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 14.11.2005 तहसीलदार,नीमराना को भेजी जावे। पत्रावली फैशलशुमार होकर दाखिल लेख भण्डार हो।

यह निर्णय आज दिनांक 09.12.2023 को लोक अदालत में मेरे द्वारा लिखाया कराया जाकर खुले न्यायालय मे घोषित किया गया।

09-12-2023

पंकज बडगूजर (आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर,नीमराना।

उपखण्ड अधिकारी
नीमराना (कोटपुतली-बहरोड़)